
हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


13 करवाचौथ व्रत इस वर्ष सिद्धि व्याप्ति योग बनेगा : शर्मा


14 दल से बिछडा बीमार हाथी हाईवे पर पहुंचा, एक घंटे तक...







**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप

### बिजली आफिस का घेराव आज

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत बसीन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर फिंगेश्वर ब्लॉक काँग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में वोट चोर गद्दी छोड़, हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत एवं बेतहाशा बिजली बिल और बिजली कटौती, 400 यूनिट हॉफ बिजली योजना बंद के विरोध में शुक्रवार दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को समय दोपहर 100 बजे बिजली ऑफिस का घेराव व ताला बंदी किया जाएगा एवं इस अवसर पर भवानी शंकर शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मंडल व सेक्टर के समस्त पदाधिकारी, समस्त पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, कांग्रेस समर्थित पंच-सरपंच, पूर्व पंच-सरपंच ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवक कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, फिंगेश्वर ब्लॉक के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी-गण की उपस्थिति ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू एवं युवा कांग्रेस नेता रेवाराम ओगरे बासीन ने उपस्थिति देने की अपील की है।

कार्रवाई : शहर और आसपास के क्षेत्रों में गांजा बेचने का काम करता था आरोपी

# गांजा तस्करी में संलिप्त मुख्य सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में, फिंगेश्वर पुलिस ने अवैध गांजा, हीरा और शराब के प्रकरणों में केवल घटनास्थल पर पकड़े गए आरोपियों तक सीमित न रहकर, उनके संपर्क सूत्र, सप्लायर और मुख्य सरगना तक पहुचने की एंड टू एंड कार्रवाई शुरू की है। इसी कड़ी में, थाना फिंगेश्वर को अवैध गांजा तस्करी के एक बड़े मामले में सफलता मिली है। दरअसल, थाना फिंगेश्वर के अपराध क्रमांक 286/2025 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मीनारायण बघेल पिता स्व. ईश्वर लाल बघेल, उम्र 36 वर्ष, साकिन सिर्रीखुर्द, फिंगेश्वर। नरेन्द्र नेताम पिता चंदारसाय नेताम, उम्र 26 वर्ष, साकिन कांदागड़ी, छुरा को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते पाए जाने पर 19 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया था। इन दोनों आरोपियों से गांजा की खरीदी व बिक्री के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि वे उधोराम बघेल नामक व्यक्ति को अपना गांजा बेचते थे, जो इसे शहर और आसपास के क्षेत्रों में बेचने का काम करता था। पूर्व आरोपियों से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध आरोपी उधोराम बघेल (पिता भोजराम बघेल, उम्र 36 वर्ष, साकिन सिर्रीखुर्द, फिंगेश्वर) की तलाश शुरू की। मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर 'एंड टू एंड' कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उधोराम बघेल को अभिरक्षा में लिया।

### गांजे को शमशान घाट में छिपाकर रखा था आरोपी



पूछताछ करने पर आरोपी उधोराम बघेल ने अपराध करना स्वीकार किया और बताया कि उसने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी नरेन्द्र नेताम से खरीदे गए गांजे को अपने गांव सिर्रीखुर्द के शमशान घाट में छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी उधोराम बघेल के कब्जे से 01 सफेद-लाल रंग के थैले में रखा हुआ 02 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई गरियाबंद पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पंचायत बारूला के सचिव जोहितलाल ठाकुर निलंबित

**गरियाबंद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चन्द्राकर ने जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बारूला के सचिव जोहितलाल ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है। सचिव ठाकुर को उनके द्वारा कार्यालय में अनुपस्थित रहने, आम नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही बरतने, हमेशा शराब के नशे में रहना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों में प्रगति नहीं लाने, आदि कर्मयोगी अभियान विजन 2030 की कार्ययोजना एवं एक्शन प्लान तैयार नहीं करने तथा कार्यालय प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। श्री ठाकुर का यह आचरण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के विपरीत पाया गया। इस पर उन्हें छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। श्री ठाकुर के निलंबन के फलस्वरूप ग्राम पंचायत तेन्दुबाय के सचिव द्वारिका प्रसाद राठौर को आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत बारूला का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## उचित मूल्य की दुकान से चावल व शक्कर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



ग्राम गिरसूल स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पीडीएस चावल और शक्कर की चोरी का मामला सामने आया है। यह घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर कई बोरी चावल और शक्कर पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार की शाम जब दुकान में कार्यरत कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और राशन की बोरियां गायब है। संभावना है कि यह चोरी मंगलवार रात की गई है। कर्मचारी ने बताया जब हम बुधवार की शाम दुकान पर पहुंचे, तब चोरी का पता चला। इसके बाद हमने तत्काल विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी और दुकान को फिर से ताला लगाकर सुरक्षित कर दिया। सूचना मिलते ही खाद्य विभाग के अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच शुरू करेगी। चोरी गए अनाज की सटीक मात्र का आंकलन फिलहाल किया जा रहा है। देवभोग विकासखण्ड के गिरसुल शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में चोरी के बाद इस मामले की गंभीरता से जॉच पड़ताल किया जा रह है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दुकान के आसपास संदिग्ध लोगों की आवाजाही देखी जा रही थी, जिससे यह माना जा रहा है कि चोरी पूर्व नियोजित तरीके से की गई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ा जाए।

## हाईवे पर मवेशियों के काफिले से धीमी हुई रफ्तार

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-130सी पर इन दिनों एक ऐसा नजारा आम हो गया है, जो शहरी भाग-दौड़ के बीच ग्रामीण जीवन की सादगी और परंपरा को जीवंत कर रहा है। पाण्डुका थाना के समीप हाईवे पर रोज़ाना सुबह और दोपहर के समय सैकड़ों मवेशियों का विशाल काफिला दिखता है, जब स्थानीय चरवाहे इन्हें चराने के लिए ले जाते हैं। यह देहाती दृश्य अब इस हाईवे की पहचान बन चुका है। एक ओर शांत, हरी-भरी सड़क और दूसरी ओर गांव की पहचान बन चुके



मवेशियों का धीमा, व्यवस्थित समूह। यह अनूठा संगम हाईवे को एक अलग ही रंगत देता है। आज भी, कैमरे में कैद इस तस्वीर में साफ दिखा कि सड़क पर मवेशियों के बड़े काफिले के कारण यातायात की रफ्तार धीमी हो गई। वाहनों की लंबी कतारें लगीं, लेकिन यह दृश्य किसी को परेशान करने के बजाय ग्रामीण जीवन की शांति और परंपरा का एहसास कराता है। यह नज़ारा सिर्फ एक रुकावट नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की समृद्ध देहाती संस्कृति और शांत वातावरण का प्रतीक है। हाईवे पर धीमी रफ्तार, मवेशियों का काफिला और चरवाहों की मौजूदगी यह दृश्य गरियाबंद जिले के ग्रामीण परिवेश को खूबसूरती से दर्शाता है, जहां आधुनिक सड़क और सदियों पुरानी परंपरा एक-दूसरे के साथ सहजता से कदम मिलाते हैं।

### कन्याओं के सामुहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन आज से



**नवापारा-राजिम।** शहर के सेवाभावी संस्था निर्धन परिवार की 11 कन्याओं का विवाह करवाने जा रही है। संस्था के संस्थापक राजू काबरा एवं अध्यक्ष धरम साहू ने बताया कि आज दिनांक 10 अक्टूबर से आदर्श सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है, एवं 15 दिसंबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन किया जावेगा। 31 दिसंबर 2025 बुधवार को विवाह संपन्न कराया जावेगा। यह आयोजन प्रतिवर्ष राधाकृष्ण मंदिर में किया जाता है। जिसमें बहुत ही निर्धन उन परिवार की बेटियों का विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन किया जावेगा जो परिवार विवाह करने के लिए असमर्थ है। बताया कि जिनका रजिस्ट्रेशन पहले होगा उन्हें प्राथमिकता में रखा जाएगा। जैसे ही 11 कन्याओं का रजिस्ट्रेशन हो जाने पर रजिस्ट्रेशन का कार्य बन्द कर दिया जावेगा। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए मार्कशीट,आधार कार्ड,कन्या एवं परिवार की सहमति,10 रुपये के स्टाम्प पर सहमति पत्र, पार्षद अथवा सरपंच का लिखित पत्र एवं 3-3 फोटो लड़के एवं लड़की का जरूरी है। खास बात यह है कि इस रजिस्ट्रेशन में पहले नगर को प्राथमिकता दी जाएगी उसके बाद आसपास के गांवो को जिसमें अनाथ, दिव्यांग का विशेष रूप से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### राजीव लोचन स्नातकोत्तर कॉलेज राजिम में हुई फोटो प्रदर्शनी



**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवनवृत को दर्शाती इस प्रदर्शनी के द्वारा मोहनदास करमचंद गांधी से राष्ट्रपिता बनने तक की उनकी यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से मयंक मिश्रा एवं तरुण देवांगन ने प्रदर्शनी के कार्यों को संपादित किया।डॉ सविता मिश्रा ने प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए गांधीजी के आदर्शों को अपनाने के लिए स्वयंसेवको को प्रेरित किया। चित्रों के अवलोकन से बच्चों को गांधी जी के बारे में नवीन जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में एम एल वर्मा, आकाश वाघमारे, तामेश्वर मार्कंडेय ,कार्यक्रम अधिकारी श्वेता खरे, नीलम, लाला साहू, तेजस्विता, निशा, राहुल, हर्षिता यदु, विभा, कोयल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला परसदा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**नवापारा-राजिम।** प्राथमिक शाला परसदा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्य रखा गया था जिसमें मुख्य रूप से गांव के सरपंच रमेश वर्मा शाला विकास समिति का अध्यक्ष, टिकेश्वर यादव प्राइमरी स्कूल संस्था प्रभारी दुलेश्वरी साहू ने 10-50 शिक्षक सभी क्लासो में जाकर बच्चों से उनके शैक्षिक कौशल योग्यता के बारे में पूछ परख किया जिससे प्रभारी अंकेक्षक संतुष्ट हुए। बच्चों के मध्यान्ह भोजन, खेल, गीत, कविता बच्चों की शौचालय खेल बैठक व्यवस्था की जानकारी एवं उनके मानसिक गतिविधियों की बारे में जानकारी ली गई। विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यहां एक भवन जर्जर है तथा दिव्यांग शौचालय की कमी है जिसका आंकलन किया जाए। कार्यक्रम में यशवंत वर्मा, माधुरी साहू, रामजी खिलवाड़े, प्रेम खुटियारे, मनीष खिलवाड़े, कल्पना वर्मा, प्रमिला महिलांग मौजूद थे।

## आरोप : ऊपर तक पहुंच बताकर मनमानी करने का आरोप

# बीआरसीसी को हटाने कलेक्टर से की मांग,13 से काम बंद कलम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष होने पर रजत वर्ष शिक्षागुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। तो वहीं अधिकारियों के द्वारा नियम के विरुद्ध कार्य प्रणाली से शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हो रहा है। शिक्षा विभाग को उच्च दर्जे के साथ समाज में देखा जाता है। लेकिन प्रशासन के द्वारा गलत व व्यवहारिक कार्य से शिक्षा की गुणवत्ता आना संभव है। गरियाबंद जिला में गौरव गरियाबंद के नाम से विगत वर्षों से शिक्षा विभाग में अभियान चलाया जा रहा है लेकिन यह अभियान ब्लाक मे सफल होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन के ऊपर विद्यालय और विकासखंड कार्यालय की हड्डी कहे जाने वाले संकुल शैक्षिक समन्वयको को दबाव पूर्ण कार्य करवाने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। बीआरसीसी हरीश देवांगन की शिकायत विकासखंड के सभी संकुल समन्वकों के द्वारा सामूहिक रूप से जिला कलेक्टर के पास छः बिन्दुओ मे लिखित शिकायत किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि विकास छुरा में पदस्थ बीआरसी हरीश देवांगन (मूल पद व्याख्याता) को उनके संकुल समन्वयकों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया एवं संकुल समन्वयको के साथ दबाव पूर्ण एवं प्रत्येक कार्य को तत्काल करने के निर्देश देने के कारण सभी संकुल समन्वयक कार्य निष्पादन करने में असहज महसूस कर रहे हैं।उनके द्वारा संकुल समन्वयकों को ऊंचे पहुंच का हवाला देकर उपेक्षित एवं बात-बात पर कड़ी कार्यवाही एवं निलंबन करने की धमकी दिया जाता है, जिससे सभी सी.ए.सी. आहत एवं दुखीमन से कार्य का सम्पादन कर रहें है।

**काम बंद कलम बंद-** हरीश देवांगन बी.आर.सी छुरा के क्रियाकलाप से सभी संकुल समन्वयकों के मानसिक एवं आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके शैक्षणिक एवं संकुल कार्यालय के कार्य में परेशानी और कार्य प्रभावित होती है। अतः बी.आर.सी. छुरा को उनके मूल शाला में अध्यापन कार्य हेतू वापस करने की मांग की है। हरीश देवांगन को मूल शाला में वापस नहीं करने की स्थिति में समस्त संकुल समन्वयक कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। और 13 अक्टूबर से काम बंद कलम बंद करने की ज्ञापन सौंपा है।

**नियम के विरुद्ध नियुक्ति-** छुरा बी आर सीसी हरीश देवांगन की नियुक्ति संदेह की घेरे में हैं। उनकी नियुक्ति सरकार के मापदंड के विरुद्ध हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन के राज्य परियोजना कार्यालय राजीव गांधी शिक्षा मिशन, छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्र/2306/रा गा.शि.नि./स्था./2016-17 रायपुर, दिनाक 15/03/2017 मे स्पष्ट लिखा है कि प्रत्येक विकासखंड में एक पद विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के लिए है। इस पत्र के अनुसार बी आर सी सी पद मे किसी भी स्थिति में व्याख्याता की नियुक्ति नहीं होना है स्पष्ट है। लेकिन महोदय जी के द्वारा नियम विरुद्ध जाकर बीआर सी सी के पद पर अपने पहुंच के बल पर पैर जमाए बैठे हुए हैं। और समन्वयकों के ऊपर दबाव पूर्ण काम करवा रहे हैं।

### प्रशिक्षण में वित्तीय अनीमितता की शिकायत




श्री देवांगन द्वारा शासन के द्वारा आयोजित विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण को विकासखण्ड स्तर पर आयोजित नहीं किया जाता है।अपितु उक्त प्रशिक्षण को संकुल स्तर पर जोन बनाकर जोन स्तरीय प्रशिक्षण करवाया जाता है। जिसका व्यय भार संकुल समन्वयकों के ऊपर छोड़ दिया जाता है। राशि आहरण पश्चात बी.आर.सी. द्वारा भुगतान हेतू सी.ए.सी. को नहीं किया जाता है। जिससे स्थानिय होटल फर्म वाले भुगतान हेतू सी.ए.सी. को परेशान करते है।जबकि राशि बी.आर.सी. छुरा द्वारा राशि आहरण कर लिया जाता है। बी.आर.सी. सी छुरा द्वारा सी.ए.सी. का बैठक, मासिक एवं अन्य आवश्यक बैठक ऑन लाईन लेने के कारण संकुल केन्द्रो से प्राप्तं समस्याएं एवं शैक्षणिक कठिनाई के सामना करना पड़ता है।यही नहीं विकासखण्ड स्तरतीय शाला प्रवेश उत्सव जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए संकुल के समस्त संकुल समन्वयकों से राशि लिया गया है। जो बिल्कुल अनुचित है। इसे यहां से स्पष्ट होता है कि विकास खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव जैसे कार्यक्रम के लिए विकासखंड कार्यालय में राशि ही नहीं है। जिसके कारण कार्यक्रम के लिए राशि संकुल।समन्वयकों से वसूली किया गया है।



### नन्हे कारीगरों ने कौशल विकास मंत्री को भेंट किया मिट्टी का दीया

**राजिम।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत राजिम पहुंचे कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से नन्हे कारीगरों की टीम ने मुलाकात कर अपने बनाए हुए आकर्षक मिट्टी के दीये भेंट किए। मुलाकात के दौरान कारीगर टीम की संस्थापक सोमा शर्मा ने जानकारी दी कि कोरोना काल के समय से ग्रामीण क्षेत्र के कुम्हार और व्यवसायिक शिक्षा के छात्रों के सहयोग से दिया तुम्हर द्वार अभियान प्रारंभ किया गया। 500 दीये से शुरू हुआ स्वरोजगार, वोकल फॉर लोकल अभियान 1 लाख दीये तक विदेशों तक पहुंच गया। इस अभियान से कुम्हार, ग्रामीण छात्रों की न सिर्फ दिवाली खुशियों भरी होती है,साथ ही हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी के संकल्प को पूरा करते हुए आत्मनिर्भर भारत में अपना छोटा सा योगदान दे रहे हैं। मंत्री गुरू खुशवंत साहेब के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े,राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर,महामंत्री चंद्रशेखर साहू को भी कारीगर की टीम ने दीये भेंट कर दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कारीगर टीम की संस्थापक सोमा शर्मा,सदस्य नीरज शर्मा,राज टंडन सहित टीम के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। **अभनपुर विधायक ने भी की खरीदी-** नवापारा विप्र समाज के आयोजन में पहुंचे अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,सहित विप्रजनों ने भी इन नन्हे कारीगरों से दीया खरीदी कर इनका उत्साह वर्धन किया। संस्थापक सोमा शर्मा ने सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से संपर्क कर दीया खरीदकर नन्हे कारीगरों की दिवाली खुशियों भरी मनाने की अपील की है।



# युवाओं को मिलेगा परंपरागत खेलों में प्रतिभा दिखाने का मौका : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी पारंपरिक और परंपरागत खेलो में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। जिसके लिए इन दिनों व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है। इस वर्ष सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 14 अक्टूबर से किया जाना है इसको लेकर आज बुधवार को जनपद पंचायत मैनपुर सभाकक्ष में मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हे विस्तार से जानकारी दिया साथ ही सांसद खेल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन की तैयारियों के संबंध में उन्होंने अधिक से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, बीआरसीसी शिवकुमार नागे एवं खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, विद्युत विभाग, पीएचई विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया की इस दौरान कबड्डी, बैडमिन्टन, गोला फेक, भाला फेक, लंबी कूद, उंचीकूद, गेड़ी दौड़ आदि परंपरागत खेल का आयोजन किया जाना है। मैनपुर विकासखण्ड में भाठीगढ़ खेल मैदान में खेल का आयोजन किया जायेगा। मैनपुर के सभी 39 संकुल स्तर पर खेल 10 अक्टूबर एवं 11 अक्टूबर, जोन स्तर में 12 एवं 13 अक्टूबर को तथा विकासखण्ड स्तर में खेल का आयोजन 14 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को भाठीगढ़ मैदान में किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता को लेकर भोजन व्यवस्था मैदान की सफाई मरम्मत, पानी की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत सुविधा, माइक टेंट एवं सभी व्यवस्थाओ को लेकर एसडीएम ने विभाग प्रमुखो को निर्देश दिया है।



### अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार है खेल

इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कहा की खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि अनुशासन आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार है सांसद खेल स्पर्धा में क्षेत्र खासकर ग्रामीण इलाको के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन हमारे युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन तथा राष्ट्र की खेल संस्कृति को सद्रित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल हैं इस आयोजन में युवा एवं विद्यालयीन छात्र–छात्राएं सक्रिय रूप से भाग ले, एसडीएम ने सभी पंचायत सचिवों को गांव-गांव में मुनादी कर खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए खेल महोत्सव में दो आयु वर्गों (14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष) के लिए कबड्डी, खो–खो एवं वॉलीबॉल जैसे सामूहिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आई एस बी एम विश्वविद्यालय में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 2025 के अवसर पर विज्ञान संकाय और विज्ञान क्लब के तत्वावधान में गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं अतिथि स्वागत से हुई। तत्पश्चात विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पूनम वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विश्व अंतरिक्ष सप्ताह छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा नवाचार की भावना को जाग्रत करने का एक सुनहरा अवसर है। इसके पश्चात विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. विश्वनाथन ने उद्घाटन भाषण में कहा अंतरिक्ष विज्ञान मानव सभ्यता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। आज युवा शक्ति को इस क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने की जरूरत है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुभाषिश बिश्वास ने थीमेटिक स्पीच में। स्पेस एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "अंतरिक्ष अनुसंधान तभी सार्थक होगा जब यह मानवता और पर्यावरण के संतुलन को साथ लेकर चले। डॉ. बी. पी. भोल , कुलसचिव ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा प्रौद्योगिकी के इस युग में अंतरिक्ष विज्ञान ही आने वाले भविष्य की दिशा तय करेगा। विद्यार्थियों को अनुसंधान की ओर प्रेरित होना चाहिए। प्रो. आनंद महालवार (कुलपति) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आई एस बी एम विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों में सृजनात्मक और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करता है। विश्व अंतरिक्ष सप्ताह जैसे आयोजन युवाओं को नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं।



इसके उपरांत विद्यार्थियों के बीच स्पेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम जय कुमार नायक, बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर, द्वितीय खिलेश्वर ध्रुव पीजीडीसीए, तृतीय कामिनी बीएससी फोरेंसिक तृतीय सेमेस्टर, जिसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साह और ज्ञान का परिचय दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में पौधारोपण किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम समन्वयक सुश्री रेखा साहू, सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# पटेल समाज ने की सीएम से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सीएम विष्णुदेव साय से मरार पटेल समाज के प्रदेश पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर प्रदेश स्तरीय शाकम्भरी महोत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 9 नवंबर को आमंत्रित किया है। प्रतिनिधि मंडल में पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, गरियाबंद जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, संयोजक राजेंद्र पटेल, तेजराम पटेल, पवन पटेल, ललित पटेल, लिलार पटेल, पुरुषोत्तम पटेल सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत राजिम को नगर पालिका बनाने सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।



# राजिम में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह को धर्मनगरी राजिम में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के संबंध में ज्ञापन सौंपा। रिकेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नए जिलों में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। ऐसे में जिला गरियाबंद के धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र राजिम को प्राथमिकता में शामिल किया जाना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि राजिम मेला और त्रिवेणी संगम के कारण यह नगर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे प्रदेश से विद्यार्थी यहां आते हैं। किंतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के अभाव में बच्चों को पलायन करना पड़ता है। यदि राजिम में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होती है, तो गरियाबंद जिले एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुविधाएं प्राप्त होंगी और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक मिश्रा, राजेंद्र नाग,आत्माराम साहू,रूपलाल साहू,मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा,मंत्री राजेश परमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहनीश ठाकुर, लेखराम ध्रुव, दीपक साहू मौजूद रहे।



## गरियाबंद में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की गूंज

# जमीनी कार्यकर्ता को मिलेगी जिला अध्यक्ष की कमान : चिश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा देने की दिशा में गरियाबंद में जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी कड़ी में राजस्थान की पूर्व राज्यमंत्री और पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने गुरुवार को जिले का दौरा किया। कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से खुलकर चर्चा की। इस दौरान एवं पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, बिंद्रानवगढ़ विधायक जनक ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक उपरांत सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने कहा की कांग्रेस का संगठन अब जमीनी स्तर से खड़ा होगा। समर्पित, ईमानदार और जनता से जुड़ा व्यक्ति ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा। उम्र का कोई बंधन नहीं है, अहमदाबाद अधिवेशन में यह तय किया गया है कि योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में शुरू हुआ 'संगठन सृजन अभियान' पूरे देश में चल रहा है।

**जिला अध्यक्ष वहीं बनेगा जो संघर्षशील और लोगों के बीच सक्रिय हो-** उन्होंने खुलासा किया कि अब तक जिला अध्यक्ष पद के लिए अभी तक 9 नाम सामने आए हैं और नाम आना बाकी है इनमें से 6 नामों की सूची तैयार की जाएगी, जिसमें एक महिला और एक अनुसूचित जाति वर्ग से उम्मीदवार शामिल रहेगा। पर्यवेक्षक ने स्पष्ट किया की जिला अध्यक्ष वहीं बनेगा जो मिट्टी से जुड़ा हो, समाज के अन्याय के खिलाफ खड़ा होता हो और जनता के बीच सम्मान रखता हो। कांग्रेस अब ऐसे नेतृत्व को आगे लाना चाहती है जो संघर्षशील और लोगों के बीच सक्रिय हो। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल पद बांटना नहीं, बल्कि कांग्रेस की उस मूल भावना को पुनर्जीवित करना है जिसने आज़ादी से लेकर अब तक देश को जोड़े रखा है।

### नए लोगों को मिले मौका



गुजरात से प्रारंभ यह मुहिम अब छत्तीसगढ़ तक पहुंच चुकी है। चिश्ती ने कहा की मैं यहां किसी गुट की नहीं, राहुल गांधी की प्रतिनिधि बनकर आई हूं। जो राय जिले से मिलेगी, वही मैं आलाकमान तक पहुंचाऊंगी। मुझे किसी से डर नहीं है सभी कार्यकर्ता अपने विचार बेबाकी से रखें। उन्होंने बताया कि वे जिले में पांच दिन रुककर महिला संगठनों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगी ताकि संगठन के प्रति आमजन की राय जानी जा सके। रेहाना रियाज ने कहा की कांग्रेस 140 साल पुरानी पार्टी है। अब वक्त है युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठों के अनुभव को साथ लेकर टीम तैयार करने का। नए लोगों को मौका मिलना चाहिए ताकि संगठन में उत्साह और नवाचार बना रहे।"

# धनमति बनीं सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/मैनपुर

सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय विशाल सम्मेलन एवं बैठक रायपुर के वृंदावन हॉल में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रदेशभर के सभी जिलों से आई हुई महिलाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के पश्चात आयोजित विशेष बैठक में सर्वसम्मति से धनमति यादव को सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। वहीं किरण यादव बिलासपुर को कार्यकारी अध्यक्ष तथा गीता यादव कोरबा को महामंत्री नियुक्त किया गया।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश स्तर पर नई कार्यकारिणी एवं जिला पदाधिकारियों की सूची सभी जिलों के दौरे के उपरांत तैयार की जाएगी, ताकि समाज के हर क्षेत्र की सक्रिय महिलाओं को संगठन में उचित स्थान मिल सके। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष धनमति यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें समाज ने जो बड़ी जिम्मेदारी दी है, वह सभी बहनों एवं समाज के वरिष्ठजनों के सहयोग से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाई जाएगी। उन्होंने सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु सहित सभी महिलाओं और पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा "सर्व यादव समाज आज प्रदेश के हर कोने में निवासरत है और लगातार अपने अधिकारों एवं अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिला पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। पुष्पा यादव जिला अध्यक्ष, जांजगीर-चांपा, पुष्पा यादव जिला अध्यक्ष, खैरागढ़, अनुराधा यादव जिला अध्यक्ष, कांकेर, गीता यादव जिला अध्यक्ष, कोरबा, राधिका यादव जिला अध्यक्ष, गरियाबंद, वर्षा यादव सामाजिक प्रमुख, कोंडागांव, मंजू यादव जिला अध्यक्ष, जशपुर, बमलेश्वरी यादव जिला अध्यक्ष, नारायणपुर, ममता यादव एवं हीराबाई यादव रायगढ़, दंतेश्वरी यादव जिला अध्यक्ष, दंतेवाड़ा, द्रौपदी यादव जिला अध्यक्ष, बलरामपुर, सरिता यादव अध्यक्ष, रायपुर महादेवघाट परिक्षेत्र, स्नेहा यादव पंडरी रायपुर, मीरा यादव जिला अध्यक्ष, महेंद्रगढ़, मिथिलेश नंदनी यादव जिला अध्यक्ष, मुंगेली, अन्नपूर्णा यादव जिला अध्यक्ष, बस्तर, मीनाक्षी यादव जिला अध्यक्ष, धमतरी, पुष्पा यादव जिला अध्यक्ष, बलौदा बाजार, सरस्वती यादव जिला अध्यक्ष, बीजापुर, भुवनेश्वरी यादव सामाजिक प्रमुख, सिमगा, मंजू यादव परीक्षित क्षेत्र अध्यक्ष, संतोषी यादव समाज प्रमुख, बेमेतरा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने प्रथम आगमन पर मंत्री गुरू खुशवंत साहेब का किया सम्मान

**राजिम।** केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब के प्रथम राजिम आगमन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा मंत्री जी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। सम्मान करने वालो में गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा,महासचिव रमेश चौधरी सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कामेश्वर गोस्वामी, आलोक पहाड़िया, प्रकाश वर्मा, लीलाराम साहू शामिल थे।

### आया रे खिलौने वाला खिलौने लेके आया रे



**मैनपुर।** मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों गली मोहल्ले में प्लास्टिक और गुब्बारा वाले खिलौने बिक रहे है बच्चों को यह आकर्षित कर रहा है।

### भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**राजिम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का 10 अक्टूबर को जिला गरियाबंद में प्रथम आगमन होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भाजयुमो नेता दीपक साहू ने बताया कि दोपहर 1 बजे राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में बाइक रैली के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। उसके बाद उनका काफिला दोपहर 2 कोपरा, 2:30 बजे पांडुका, 3:30 बजे मालगांव और 4 बजे गरियाबंद पहुंचेंगे। इन सभी गांवो में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्री टिकरिहा का जबर्दस्त स्वागत होगा। स्वागत करने की तैयारी भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कर रखी है। बताया गया है कि श्री टिकरिहा युवाशक्ति के साथ जिले में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करने पहुंच रहे है।



## निधन

### लक्ष्मण कुमार वर्मा

**गरियाबंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी वरिष्ठ लेखक लक्ष्मण कुमार वर्मा (72 वर्ष) का बुधवार रात 11 बजे निधन हो गया। जिनका गुरुवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता राम कुमार वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा, इंजीनियर अरुण वर्मा, प्रदीप वर्मा एवं संजय वर्मा के भाई एवं रोहन और अमित वर्मा के चाचा थे।



**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील- **अभनपुर** प.ह.न.- 00028 **ठेलकाबांधा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202425441630500017**

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम ठेलकाबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी **हेमंत पिता/ पति-सोनार पता- सा.देह, खेमराज पिता/ पति-सोनार पता- सा. देह, पुष्पा पिता/पति-सोनार पता सा. देह बिसाहिन पिता/ पति बेवा सोनार पता सा. देह, मीना पिता/ पति-सोनार पता-सा. देह हीरा कुमार पिता/ पति-सोनार पता सा. देह** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1436/1 (0.6400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **खेमराज गिलहरे पिता/ पति-सोनार पता-ग्राम ठेलकाबांधा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन /फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार अभनपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार : SITA SHUKLA**
**तहसील - अभनपुर**

## सियासत : कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनने 08 लोगों ने की दावेदारी

# पार्टी किसी की बपौती नहीं, नया नेतृत्व ही कांग्रेस की पहचान बनेगा : चिश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर गरियाबंद में सियासी हलचल चरम पर है। गुरुवार को राजस्थान से पहुंची पार्टी की पर्यवेक्षक रेहाना रियाज़ चिश्ती ने पूरे दिन जिले के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और दावेदारों से मुलाकात की। सुबह से शुरू हुआ यह राजनीतिक संवाद देर शाम तक चलता रहा। मंगल भवन, गरियाबंद में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चिश्ती ने साफ शब्दों में कहा की किसी की सिफारिश मेरे पास नहीं चलेगी, जो सिफारिश करेगा, वही पहले बाहर जाएगा। इसके बाद उन्होंने जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन आमंत्रित किए और संगठन की जमीनी स्थिति को समझने के लिए लगभग 300 कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। चिश्ती के सख्त तेवरों से साफ झलक रहा था कि इस बार कांग्रेस में पसंदीदा चेहरा नहीं, बल्कि "संगठन का सच्चा सिपाही" ही जिला अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचेगा।





### चिश्ती ने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएंगी

मैं अपने नेता के प्रति गद्दारी नहीं करूंगी। कांग्रेस 140 साल पुरानी पार्टी है, यह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। अगर कोई सोचता है कि हमें ही मौका मिलना चाहिए, तो यह गलत बात है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन प्रक्रिया में सभी पहलुओं को सूक्ष्मता से देखा जा रहा है, और 22 अक्टूबर तक फाइनल रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। रिपोर्ट में एक अनुसूचित जाति और एक महिला उम्मीदवार का नाम भी शामिल किया जाएगा।



**आठ दावेदारों ने ठोकी दावेदारी-** आठ दावेदारों में भवानीशंकर शुक्ल, पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के सुपुत्र। शैलेंद्र साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुरा। युगल पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गरियाबंद। पुष्पा जगन्नाथ साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर। सुखचंद बेसरा। शिला ठाकुर। (अन्य दो नाम स्थानीय स्तर पर चर्चा में) इन सभी दावेदारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर माहौल अपने पक्ष में बनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन चिश्ती ने दिनभर किसी को अपने आसपास भटकने नहीं दिया।


**कोशिश तो सबने की पर किसी की चली नहीं-** पत्रकारों से चर्चा में पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने साफ किया रुख "कांग्रेस किसी की बपौती नहीं" दिनभर की चर्चा के बीच चिश्ती ने अपने संबोधन में कहा की संगठन सृजन अभियान सबसे पहले गुजरात में शुरू किया गया, फिर मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और ओडिशा में पूरा हुआ। अब तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अक्सर बड़े नेता अपने लड़कों या करीबी लोगों को पद दे देते हैं, पर अब ऐसा नहीं होगा। राहुल गांधी ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है कि पार्टी को एक अच्छा नेतृत्व मिले। नया ब्लड, नए लोग और ईमानदार कार्यकर्ताओं को अवसर मिलना चाहिए।

## करवाचौथ व्रत इस वर्ष सिद्धि व्याप्ति योग बनेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कार्तिक मास की चतुर्थी पर रखे जाने वाले करवाचौथ व्रत आज शुक्रवार 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस व्रत में सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना के लिए आज निर्जला व्रत रखेंगी। इस वर्ष सिद्धि और व्याप्ति योग बनेंगे। करवाचौथ का नाम ही अपने रहस्य को समेटे हुए है। ' करवा एक मिट्टी का विशेष बर्तन होता है। प्राचीन काल में मिट्टी के बने बर्तन ही धार्मिक अनुष्ठानों में प्रमुखता से प्रयूत्त होते थे, क्योंकि वे प्राकृतिक और पवित्र माने जाते थे। आज भी करवा चौथ की पूजा में दो करवे बनाए जाते हैं। इन पर रक्षा सूत्र बांधा जाता है और आटे व हल्दी से स्वस्तिक का चिन्ह अंकित किया जाता है। क्या होती है चन्द्रमा की पूजा :- चन्द्रमा को आयु, सुख और शांति का कारक माना जाता है और इनकी पूजा से वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है और पति की आयु भी लंबी होती है। इसलिए करवाचौथ का व्रत सुहागन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करतीं हैं यह बातें महाराज गोलू शर्मा ने बताया गया।

**करवाचौथ की परंपराएं -** करवाचौथ के दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती है, जिसमें मेहंदी,चुडिया, सिंदूर, बिंदी और सुंदर पोशाक शामिल हैं। यह श्रृंगार उनकी नारीत्व और वैवाहिक जीवन की खुशहाली का प्रतीक होता है। चन्द्रमा को अर्घ्य देना :- संध्या के समय चन्द्रमा को अर्घ्य देने के बाद महिलाएं अपने पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत का पारण करती है।



### छलनी से चांद देखने की परंपरा

एक प्रचलित कथा के अनुसार पूर्वकाल में वीरवती नाम की पतिव्रता स्त्री ने यह व्रत किया। भूख से व्याकुल वीरवती की हालत उसके भाइयों से सहन नहीं हुई अतः उन्होंने चन्द्रोदय से पूर्व ही एक पेड़ की ओट में छलनी लगाकर उसके पीछे अग्नि जला दी, और प्यारी बहन से आकर कहा देखो चांद निकल आया है अर्ध्य दे दो। बहन ने झूठा चांद देखकर व्रत खोल लिया जिसके कारण उसके पति की मृत्यु हो गई। पतिव्रता वीरवीत ने अपने प्रेम और विश्वास से मृत पति को सुरक्षित रखा। उसने पूरे साल की चतुर्थी का व्रत का रखते हुए अगले वर्ष करवाचौथ के ही दिन नियमपूर्वक व्रत का पालन किया।



## मंत्री गुरू खुशवंत का हुआ जोरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ के केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब का राजिम पहुंचने पर रेस्ट हाऊस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालो में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव,उमेश यादव, दयालुराम गाड़ा, भाजयुमो नेता दीपक साहू, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद टंकु सोनकर ,आकाश राजपूत, भारत यादव, उत्तम निषाद, अजय पटेल, सुरेश पटेल, बासीन के सोसायटी अध्यक्ष गोपचंद बेनर्जी, ओमप्रकाश आडिल, जेठुराम कोसरे, संजु सोनकर, मोहनीश सिंह ठाकुर, संजु साहू, देवकी साहू, मधु नत्थानी, मनीष साहू, डायमंड साहू, यश कहार, बादल साहू, दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरकारी स्कूल के छात्रों को मिला चांदी का सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि और सजगता लाने के उद्देश्य से विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने एक अनोखी पहल करते हुए प्रतिभाशाली छात्रों को चांदी के सिक्कों से सम्मानित किया। यह प्रयास विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के लिए प्रथम पुरस्कार चांदी के सिक्के 10 ग्राम कक्षा 12वीं एवं 10वीं के लिए 2 नग विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सम्मान के रूप में प्रदान किया गया' जिसमें से प्रथम कक्षा दसवीं से प्रथम तुषार पटेल पिता बृजनाथ पटेल को 10 ग्राम चांदी के सिक्के पुरस्कृत किया गया एवं कक्षा 12वीं से प्रथम ज्योति मरकाम को 10 ग्राम चांदी के सिक्के पुरस्कृत किए गए एवं कक्षा दसवीं से प्रथम तुषार पटेल, पिता ब्रजनाथ पटेल, द्वितीय पूनम चंद पटेल, पिता हेमंत पटेल, तृतीय देवेंद्र कुमार ध्रुव पिता भुवनेश्वर ध्रुव, शील्ड प्रदान की गई एवं कक्षा 12वीं से प्रथम ज्योति मरकाम पिता नमेश मरकाम, द्वितीय मनीषा ध्रुव पिता जोहन सिंह ध्रुव एवं तृतीय वैदेही ठाकुर पिता संतोष ठाकुर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कादरी हार्डवेयर के द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश शर्मा शाला विकास समिति प्रबंधन अध्यक्ष, महेंद्र सोनी व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भाजपा एवं एल आर बरिहा, सद्दाम वटी सभी के कर कमल से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं विशिष्ट जनों द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर प्राचार्य अमृत लाल साव, गोविंद राम परस, गोविंद पटेल, हेमंत प्रकाश साहू, प्रदीप सिन्हा, श्रीमती माधुरी नागेश, चंद्रिका शंकर साहू, दिलीप सिंह नेताम, चंद्रप्रकाश साव, सुरेंद्र चंद्राकार, उत्तमा सिंह, कुसुम सिदार, शशि साहू, खुशबुरानी साहू, चिराग साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




मैनपुर में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने की अनूठी पहल

## सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य शैक्षिक स्तर का आकलन करना : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया जाना है इसी तारतम्य में संकुल केंद्र बिजली के समस्त शाला जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल बिजली,खुटेरी,मिडिल स्कूल बारूला, बिजली, खुटेरी एवं प्राथमिक शाला खुड़ियाडीह, बारूला,नवाडीह बिजली एवं मड़वाडीह स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य 07 एवं 08 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में पदमा मोती निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली,नंदूराम यादव सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर,लिखन निषाद सांसद प्रतिनिधि, डोमन लाल साहू अध्यक्ष निगरानी समिति की उपस्थिति में कमल पाण्डेय प्राचार्य (बेलर) द्वारा किया गया।वहीं हायर सेकेंडरी स्कूल खुटेरी में सरपंच बेनीशंकर साहू,अध्यक्ष शाला विकास समिति द्वारिका साहू, शिक्षाविद रमऊ राम साहू, सदस्य गया राम सेन एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य पूरन लाल साहू (संकुल प्राचार्य) द्वारा किया गया। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य शैक्षिक स्तर का आकलन करना है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता,शिक्षण प्रक्रिया,विद्यार्थियों की उपलब्धियां आधारभूत सुविधाएं भवन, पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थिति जैसे संकेतकों के आधार पर आकलन किया गया। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल होगी जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।उनकी नियमित मानिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी।सामाजिक अंकेक्षण के आकलन के लिए बालक,शिक्षक,पालक और विद्यालय को ध्यान में रखकर किया गया।

**उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना-** यह आकलन एससीईआरटी, डीपीआई एवं समग्र शिक्षा द्वारा निर्धारित 20 बिन्दुओं के आधार पर आकलन किया गया। कमल पाण्डेय प्राचार्य ने सामाजिक अंकेक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की एक महत्वाकांक्षी अभियान है जिसका उद्देश्य विद्यालय के भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाते हुए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।



### समस्याओं का करेंगे निराकरण

नंदू यादव जनपद सभापति ने कहा कि किसी भी विद्यार्थियों को विषय से संबंधित कोई समस्या रहती है तो निःसंकोच संबंधित विषय शिक्षक से चर्चा कर उक्त समस्या का निराकरण करने की बाते कहीं। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू, कमल पाण्डेय, याचना जोशी संकुल समन्वयक भुवन यदु, सरपंच प्रतिनिधि मोती राम निषाद, सदस्य दयाराम साहू, कुंतराम साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,संतोष सिंह ठाकुर, विनय कुमार साहू, अश्विनी श्रीवास, नरेन्द्र कुमार वर्मा, एमएल तारक, योगेश सोनकर, अनिल बर्रे, रेखा सोनी, सरिता जोल्हे, अर्चना शर्मा, संतोषी गिलहरे, रुद्रप्रताप साहू, सीके वर्मा, दुष्यन्त साहू तोमन राम साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों ने चरण पादुका के बजाय मांगा दो साल का लंबित लाभांश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला में तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 25 -26 के लिए पुरुष संग्राहक सदस्यों के लिए चरण पादुका नाप का सर्व कार्य चल रहा है, जिसमें संग्राहक सदस्यों पीला सिंह मरकाम, गंगाराम, बदन सोरी, कविसिग, हरिराम, ओबेराम, पदुम, थवीराम सहित क्षेत्र के सभी संग्राहकों का कहना है कि चरण पादुका के बजाय 23-25 का लाभांश भुगतान किया जाएं। तेंदूपत्ता संग्राहक अपने लाभांश ( बोनस) मांग रहे हैं क्योंकि सरकारें तेंदूपत्ता व्यापार से होने वाले लाभ का एक हिस्सा संग्राहकों को बोनस के रूप में देती। हालांकि बोनस के वितरण और गणना की प्रक्रिया राज्य सरकार के अनुसार अलग-अलग होती है। 23 -24 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता दर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित की थी और बोनस के रूप में अभी तक संग्राहकों को राशि प्राप्त नहीं हुआ है। संग्राहक धनंजय नायक, मोहन पटेल, नरोत्तम बघेल, नीलकंठ नायक, टंकेश्वर नायक ने कहा कि दो वर्ष गुजरने को है लेकिन अभी तक प्राप्त सरकारी लाभ का हिस्सा संग्राहकों को बोनस के रूप में शासन प्रशासन द्वारा वितरित नहीं किया गया है। संग्राहकों द्वारा पिछले संग्रह वर्ष के लाभ बोनस की उम्मीद लगाए बैठे हैं। 23 में छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता की दर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा कर दी थी। तेंदूपत्ता संग्राहक बोनस राशि की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह तेंदूपत्ता व्यापार के लाभ में उनकी भागीदारी है, और सरकार द्वारा निर्धारित लाभांश की राशि उनकी अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र के सभी समितियों के संग्राहकों ने सरकार से मांग कि है कि उनका बोनस भुगतान जल्द से जल्द मिले।



## मुक्तिधाम निर्माण के लिए मंत्री को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरूवार को केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब से मुलाकात कर सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम हेतु भूमि चिन्हांकित कर राशि स्वीकृत करने हेतु एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया। यह जानकारी देते हुए ओमप्रकाश आडिल, जेठुराम कोसरे ने बताया कि सर्व समाज के लिए शव दफन करने के लिए स्थाई भूमि कंचन बाड़ी के पीछे महानदी किनारे बाउंड्रीवाल, टीन शेड और पानी की सुविधा के लिए तार घेरा के लिए 5 लाख, टीन शेड 10 लाख, बोर खनन 2 लाख की राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है।

### पुराने वाहनों की खरीद बिक्री पर 1 प्रतिशत टैक्स




**राजिम।** छत्तीसगढ़ सरकार ने पुराने वाहनों की खरीदी एवं बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स लगा दिया है। यह टैक्स गाड़ी की मूल कीमत पर लागू होगा। पुराने वाहनों पर लगने वाले टैक्स के कारण खरीदी बिक्री प्रभावित हुई है। पुराने वाहन की वर्तमान कीमत कुछ भी हो। टैक्स निर्धारण शो रूम कीमत पर होगा। टैक्स जमा होने के पश्चात ही पुरानी गाड़ियों का नाम ट्रांसफर हो पाएगा। दिवाली के पहले लागू नए नियम से पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री करने वाले व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रायः त्यौहारी सीजन में लोग अपनी पुरानी गाड़ियों को एक्सचेंज करके या कही और बेचकर नई गाड़िया खरीदते है। नए टैक्स सिस्टम लागू होने से पुरानी गाड़ियों का मूल्य भी बढ़ गया है। लिहाजा लोग पुरानी गाड़ियों को खरीदी में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है।

**दुपहिया, चारपहिया एवं सभी वाहनों पर लागू-** पुरानी गाड़ियों के खरीदी बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स का सिस्टम सभी वाहनों पर लागू कर दिया गया है। दुपहिया,चार पहिया, ट्रक, टेंपो, बस एवं अन्य सभी पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स लगेगा। वाहनों के नाम ट्रांसफर पंजीयन करने के लिए टैक्स देना अनिवार्य होगा। बता दे कि पूर्व में परिवहन विभाग द्वारा नाम ट्रांसफर के लिए एक तय फीस निर्धारित थी। किंतु अब मूल कीमत का एक प्रतिशत टैक्स लगने से पुरानी गाड़िया महंगी हो जाएगी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में मनाया गया वायुसेना दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय वायुसेना दिवस पर अमर वीर शहीदों के नाम से दीप प्रज्वलित कर वायुसेना दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक मायाराम साहू ने कहा कि हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय वायु सेना दिवस की स्थापना 1932 में हुई थी। भारत देश के लिए बलिदान देने वाले अमर वीर शहीदों के परिवार वालों को सम्मान करते हैं। इस वर्ष 93वां भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया।

### राजसात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया 17 को

**महासमुंद।** जिले के पुलिस थाना एवं चौकियों से आबकारी एक्ट के तहत जब्त कर राजसात किए गए वाहनों की नीलामी की जाएगी। अपर कलेक्टर ने बताया कि कुल 133 वाहन जिनमें 28 दोपहिया वाहन, 4 चारपहिया वाहन एवं 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं। उक्त वाहनों की स्क्रैप नीलामी 17 अक्टूबर 2025 को की जाएगी।

### कराते एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

**महासमुंद।** सेंसाई राजेश गंजीर की स्मृति में दो दिवसीय सातवीं राज्य स्तरीय ओपन कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता चार और पांच अक्टूबर को हुई। आमातलाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित स्वर्धा में धमतरी, रायपुर, महासमुंद, राजनादगांव, गरियाबंद, बिलासपुर, बस्तर, बेमेतरा व अन्य जिलों के लगभग 350 कराते खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें महासमुंद के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण 3 रजत और 2 कास्य पदक प्राप्त किया। कोच विकास दास वैष्णव और प्रवीण कुमार मलिक के नेतृत्व में काता तन्मय शर्मा स्वर्ण पदक, कुमिते अक्षधा चंद्राकर स्वर्ण पदक, आयान वर्मा रजत पदक, देव साहू रजत पदक, तनमय शर्मा रजत पदक, अरनव रंजन सिन्हा कास्य पदक, वेंकटेश साहू ने कास्य पदक जीता। महासमुंद जिला कराते संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिव आंनद कुमार वैष्णव, कोषाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, भोज विश्वकर्मा, लालू सोनवानी, अभय दास ने हर्ष जताया है।

### आज से शुरू होगा तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर में होगा। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों के जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। शिविर का उद्घाटन समारोह 10 अक्टूबर को दोपहर 11:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष मोंगरा किशनलाल पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी तथा चातुरीनंद विधायक सराईपाली शामिल होंगे।

---

**दहशत :** जंगली हाथियों के दल के धमक से दहल उठा क्षेत्र, शाम होते ही गांव में पसर जाता है संन्नाटा

# दल से बिछडा बीमार हाथी हाईवे पर पहुंचा, एक घंटे तक सड़क पर लगी वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग में आने जाने वाले राहगीर इन दिनों डरे और सहमें नजर आ रहे हैं कारण इस क्षेत्र में लंबे समय से जंगली हाथियों का दल जंगल में डेरा डाल दिया है क्योकि खेतों में पर्याप्त मात्र में धान और मक्का के साथ दलहन तिलहन की उन्हे चारा पानी मिल रहा है। हाथियो के दलों के द्वारा पिछले एक डेढ़ माह से मैनपुर के आसपास डेरा डाल देने से भारी दहशत में लोगो की रात कट रही है और तो और शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्रे के गांवो में संन्नाटा पसर जा रहा है। ग्रामीण घरों के दरवाजे बंद कर अपने आपकों सुरक्षित करने में लगे हुए है सबसे चिंताजनक बात यह है कि देखने को मिल रहा है। इस बार हाथियों का दल लगातार नेशनल हाइवे के आसपास मंडरा है पिछले एक पखवाड़े में 8 से 10 बार हाथियों का दल नेशनल हाइवे को पार किया है जिसके कारण सड़क जाम की स्थिति बन गई है। गुरूवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 10 किमी दूर राजापड़ाव और बाजाघाटी मंदिर के बीच जंगल के नजदीक एक हाथी जो दल से बिछड़ कर बीमार हो गया है वह लगभग 4 घंटे तक सड़क किनारे मंडराता रहा और मक्के के खेत में घुसा रहा। बीमार हाथी के सड़क किनारे पहुंचने की खबर लगते ही भारी भीड़ सड़क में लग गया और हाथी को सुरक्षित सड़क पार कराने के लिए तथा लोगो के जनहानी को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा नेशनल हाइवे के दोनो तरफ वाहनो को रोक दिया गया लगभग डेढ़ से दो घंटे तक वाहनो की लंबी कतार सड़क में लगी रही तब हाथी मक्के के खेत से निकलकर दोपहर 3 बजे के आसपास नेशनल हाइवे को पारकर एक बार फिर मैनपुर वन परिक्षेत्र के बेहराडीह जंगल के तरफ बढ़ रहा है लेकिन अभी देर शाम को यह हाथी फिर नेशनल हाइवे के पास पहुंच गया है। हाथी के डर से जाम में फंसे वाहनो के सभी दरवाजे खिड़की बंद कर दिये गये और सैकड़ो लोगो ने हाथी को नेशनल हाइवे पार करते देखा इस दौरान हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान भी मौके पर मौजूद थे।





### मक्के के फसल को पहुंचा रहा है नुकसान

दल से बिछड़कर यह बीमार हाथी पिछले एक सप्ताह से राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र में कई ग्रामों में धान और मक्के की फसल को नुकसान पहुंचाते हुए धमतरी जिले के तरफ बढ़ रहा था लेकिन आज सुबह ही यह हाथी वापस लौट गया और सुबह 11 बजे से नेशनल हाइवे के किनारे राजापड़ाव के पास किसान रामसिंह के मक्के की खेत में घुस गया जब किसान खेत की फसल देखने पहुंचा तो हाथी को देखकर भागा और इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी गई देखते ही देखते भारी भीड़ लग गई और वन विभाग के भी कर्मचारी मौके पर पहुंच गये। बार-बार हाथी सड़क किनारे पहुंच पार करने की कोशिश कर रहा था लेकिन फिर वापस हो जाता था। जब सड़क को दोनो तरफ जाम किया गया और सड़क को खाली किया गया तब हाथी नेशनल हाइवे को पार किया और मैनपुर परिक्षेत्र के बेहराडीह के तरफ बढ़ रहा था लेकिन अभी खबर मिली है वापस फिर लौट रहा है और सड़क किनारे ही डेरा डाल दिया है।

### तीन झुंडों में बटा हाथी का एक दल राजाडेरा अमली की ओर बढ़ रहा

मैनपुर के आसपास लगभग 22 से 25 की संख्या में हाथियो के दल ने डेरा डाल दिया है हाथियो का दल तीन भागो में बंट गया है इसलिए चारो तरफ घुम रहा है किसी भी समय क्षेत्र के कोई भी गांव में दिखाई देता है जिसके कारण वन विभाग को भी टेकिंग करने में परेशानी हो रही है। ऊपर से बारिश में जंगल घना हो गया है। पास की चीज दिखाई नहीं देता। अभी देर शाम को कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र से खबर मिली है कि हाथियों का एक दल जिसमें 7 से 8 की संख्या में है बेसराझर होते हुए राजाडेरा अमली की ओर बढ़ रहा है।

### बीमार हाथी का इलाज किया जा रहा है : जैन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की बीमार हाथी का उम्र 10–12 वर्ष के आसपास है और उसके मुंह में छाला होने के कारण चारा चरने में परेशानी आ रही है इसलिए इससे दूरी बनाकर रखा जाए क्योकि यह काफी आक्रमक हो सकता है। उन्होने बताया की इलाज के लिए ट्रेकुलाइज की अनुमति मांगी गई है स्थानीय स्तर पर इलाज जारी है।

---

# रसेला शक्तिपीठ इकाई के द्वारा चार गांवों में किया दीप यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शक्तिपीठ इकाई गायत्री परिवार रसेला द्वारा ग्राम कुडेरादादर, मेडकीडबरी, रूवाड, मुढीपानी में दीप यज्ञ के माध्यम से राष्ट जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समस्त ग्रामवासीयों को आमंत्रण दिया गया। 8 अक्टूबर को शक्ति केंद्र रसेला में राष्ट शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रचार-प्रसार हेतु सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता भाइयों की टोलियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें टोलियों के सभी सदस्य का सह सम्मान किया गया। इस टोलियां के प्रमुख पुरोहित परमानंद यादव द्वारा रचनात्मक दीप यज्ञ के उद्बोधन के विषय में मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने चारों गांवों में परम पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन मानस तक पहुंचाया और इस क्षेत्र में पहली बार ग्राम रसेला में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होने वाले 24 कुण्डीय महायज्ञ में सभी ग्रामवासियों सहित क्षेत्र वासियों को तन मन धन से सहयोग करने के लिए आह्वान किया गया। साथ ही जीवन को साधना मय बनाएं रखनें के लिए गायत्री मंत्र लेखन काफी का वितरण किया गया। इस दौरान बिहारी निषाद, मालिक राम साहू, देवा राम साहू, ठाकुर राम यादव, जगतराम यादव, नंदकिशोर यादव, धनीराम यादव, यशराम यादव सहित गायत्री परिवार के बहनों का विशेष सहयोग रहा।





---

# विधायक ने रानीपरतेवा को दी करोड़ों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम रानीपरतेवा में शिक्षक विदाई सम्मान समारोह और नेवता भोज कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत परिसर स्थित रंगमंच में आयोजित किया गया, जिसमें आम नागरिकों, कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र थे, जबकि अध्यक्षता मीरा ठाकुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में शिवांगी चतुर्वेदी (सभापति, वन, जिला पंचायत गरियाबंद), पंकज निर्मलकर (जनपद सदस्य, जनपद पंचायत छुरा), हेमलाल नेताम (सरपंच, ग्राम पंचायत रानीपरतेवा) और साधूराम निषाद (ग्राम पटेल) उपस्थित रहे। यह विशेष समारोह साधूराम बरिहा के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिन्होंने रानीपरतेवा के मिडिल स्कूल में वर्ष 1985 से 1998 तक यानी 13 वर्षों तक अपनी शिक्षकीय सेवाएँ प्रदान की थीं। उनके मितान सोमन यदु और मितानिन रेखा यदु ने उनके सम्मान में यह विदाई सम्मान समारोह और नेवता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों द्वारा स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति से हुई, जिसके पश्चात माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई।

**कार्यक्रम का समापन-** कार्यक्रम के अंत में, सोमन यदु ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन रमन नामदेव एवं द्वारिका प्रसाद साहू ने किया। समापन के पश्चात, उपस्थित सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने एक साथ नेवता भोज का आनंद लिया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, राजू साहू, जगदीश यदु, पालेन्द्र साहू, गुलशन सिन्हा, प्रकाश सिन्हा आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षक स्टाफ, छात्र-छात्राएं और नागरिक उपस्थित थे।

### विधायक रोहित साहू द्वारा करोड़ों की घोषणा

अतिथियों के उद्बोधन सत्र में, मुख्य अतिथि रोहित साहू ने ग्रामवासियों और जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर की विशेष मांग पर ग्राम को करोड़ों की सौगात देने की घोषणा की। उन्होंने निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्यों को आगामी बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया। सूखानदी में एनीकट एवं तटबंध को आगामी बजट में जुड़वाकर डीपीआर तैयार कर पूरा करना। करोड़ों की लागत से हायर सेकेण्डरी स्कूल के नए भवन का निर्माण एवं बाउंड्री वॉल। मिडिल स्कूल के लिए अतिरिक्त कमरे की स्वीकृति।

---

# छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की प्रदेश स्तरीय महाबैठक 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर प्रदेशभर के लगभग 13000 सहकारी समिति कर्मचारियों से जुड़े संगठन की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक 12 अक्टूबर 2025 को रायपुर में आयोजित की जाएगी।



यह बैठक राज्य की 2058 सहकारी समितियों एवं 2739 धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुलाई गई है। जिसमें विशेषकर आगामी धान खरीदी वर्ष 2025-26 में सूखत राहत के प्रावधान व लंबित तीन सूत्रीय मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद के जिलाध्यक्ष तुला राम ध्रुव ने बताया कि वर्ष 2023-24एवं 2024-25 के धान उपार्जन में सूखत के कारण आई आर्थिक क्षति की भरपाई अब तक शासन द्वारा नहीं की गई है। जबकि, पूर्व में किए गए आंदोलन के पश्चात शासन द्वारा लिखित आश्वासन भी जारी किया गया था। परंतु, आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ। इस उपेक्षा के चलते राज्य की अधिकांश सहकारी समितियां वित्तीय संकट से जूझ रही है और समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रही है। बैठक में छत्तीसगढ़ के 33 जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

---

# छुरा में पोषण माह के तहत निशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपेथी शिविर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

संचानालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष कार्यालय गरियाबंद के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग छुरा एवं आयुष अधिकारी कार्यालय गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में पोषण माह एवं प्रथम विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपेथी शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, संगीता दीक्षित द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता किया गया है। विशेष अतिथि के रुप में अजय दीक्षित उपस्थित रहें। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सीएल साहू ने अपने विभाग के कार्यो का उद्देशों को मंच के माध्यम से संबोधित किया। तथा आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेद चिकित्सा से होने वाले लाभ के बारे में डॉ. ऐश्वर्य साहू द्वारा संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में मितानिनों एवं सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा बच्चो के खिलौने, अक्षर, रंग ज्ञान तथा पोष्टिक आहारों की प्रर्दशनी लगाई गयी थी जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यकम तथा कुर्सी दौड़ का आयोजन किया, जिसमें विजेता को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया है। इस आयुष एवं होम्योपेथी शिविर में आयुर्वेद के 215 होम्योपेथी से 105 एनसीड गैर संचारी रोग से 45 कुल 365 रोगी लाभावन्वित हुऐ।इस कार्यकम में सी.एल. साहू परियोजना अधिकारी छुरा शिविर प्रभारी डॉ. विनोद ठाकुर डॉ. रुपसिंग मरावी डॉ. सावित्री सोनी डॉ. ऐश्वर्य साहू डॉ. तरुण पटेल डॉ. पैकरा श्यामाचरण दीवान, रुपसिंग नेताम, द्वारिका राम, फार्मेसिस्ट तथा शरद सिन्हा, खेमचंद मांडले, संतोष निषाद, सभी सेक्टर सुपरवाईजर व मितानिने व छुरा के ग्रामीण उपस्थित रहकर यह कार्यक्रम को सफल बनायें।





### सोनापुटी स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**बागबाहरा।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन व आवश्यक सुधार करना है। समुदाय को विद्यालय से जोड़ना है।




---

रेस्ट हाऊस राजिम में आयोजित हुई प्रेसवार्ता

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी : मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरूवार को रेस्ट हाऊस राजिम में आयोजित प्रेस वार्ता में केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कर प्रणाली में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी क्रांति, आयकर में राहत और कर कानूनों के सरलीकरण से विकसित भारत की ठोस नींव रखी है। उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है। आत्मनिर्भर भारत का यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जी की देशभक्ति की अभिव्यक्ति है, जिसने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर में देश को अवसर में बदलने की दिशा दी। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल के संदेश को फैलाने के लिए देशभर में संकल्प सम्मेलन, रथ यात्राएं और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से आह्वान किया है - मैं स्वदेशी खरीदता हूँ, मैं स्वदेशी बेचता हूँ। मंत्री जी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के प्रयासों से देश अब आयातक नहीं बल्कि निर्यातक बन गया है। वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिससे 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं और 100 से अधिक यूनिकॉर्न कंपनियां आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक हैं। कहा कि छत्तीसगढ़ का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में जीएसडीपी को दोगुना कर 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। राज्य में स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और कृषि संसाधनों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### स्थानीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

बस्तर की लोककला, चांपा का कोसा, जशपुर की कॉफी और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पाद अब राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं। मंत्री ने दीपावली के अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का आह्वान करते हुए कहा कि इससे स्थानीय व्यापार और आत्मनिर्भर भारत दोनों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का प्रतीक भी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज सहित राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, भाजयुमो नेता दीपक साहू, नपा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद टंकु सोनकर, आकाश राजपूत, भारत यादव, उत्तम निषाद, अजय पटेल, सुरेश पटेल, बासीन के सोसायटी अध्यक्ष गोपचंद बेनर्जी, ओमप्रकाश आडिल, जेठुराम कोसरे, संजु सोनकर, मोहनीश सिंह ठाकुर, संजु साहू, देवकी साहू, मधु नत्थानी, मनीष साहू, डायमंड साहू, यश कहार, बादल साहू, दुर्गेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

